# अनुमण्डल कार्यालय, सिमडेगा।
## (विधि शाखा)

एस0ए0आर0 वाद सं0–12/2018–19

अभाष होरो
बनाम
इलियस लकड़ा

# आदेश

<table>
<tr><th>आदेश की क्रम सं0 और तारीख</th><th>आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर</th><th>आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित</th></tr>
<tr><td>18.10.25</td><td>प्रस्तुत वाद अनुसूचित क्षेत्र विनियम, 1969 अन्तर्गत भूमि वापसी वाद की कार्यवाही अभाष होरो, पिता–स्व0 निरल होरो, साकिन–घोचो टोली, थाना–सिमडेगा, जिला–सिमडेगा के आवेदन पर प्रारंभ किया गया। आवेदक ने लिखा है कि विपक्षी इलियस लकड़ा, पिता–स्व0 प्रेम प्रकाश लकड़ा, साकिन–घोचो टोली, थाना–सिमडेगा, जिला–सिमडेगा ने अवैध तरीके से उनकी रैयती भूमि पर कब्जा कर लिया हैं। जिसे बिहार अनुसूचित क्षेत्र विनियम, 1969 के तहत् वापस दिलवाने का अनुरोध किया हैं। वाद सं0–12/2018–19 के अनुसार प्रश्नगत् भूमि की विवरणी निम्नवत हैः–<br><br><u>मौजा</u> | <u>खाता नं0</u> | <u>प्लॉट नं0</u> | <u>रकबा</u><br>सिमडेगा | 92 | 596 | 0.07 एकड़<br><br>वाद की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए अंचल अधिकारी, सिमडेगा को इस न्यायालय के पत्रांक–155(ii)/विधि, दिनांक 12.03.2019, पत्रांक–305/विधि, दिनांक 29.03.2022 एवं पत्रांक–1136/विधि, दिनांक 05.08.2022 द्वारा उपर्युक्त अंकित भूमि से संबंधित प्रतिवेदन की मांग की गई। अंचल अधिकारी, सिमडेगा द्वारा प्रतिवेदन अप्राप्त। अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उभय पक्षों को न्यायालय में संबंधित वाद की सुनवाई हेतु उपस्थित होने के लिए आदेशित किया जाता रहा है। दिनांक 14.10.2020 से अबतक उभय पक्षों के द्वारा अधिवक्ताओं के माध्यम से हाजरी पड़ी और ना ही उभय पक्ष व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में सशरीर उपस्थित हो सके। ऐसा प्रतीत होता है कि उभय पक्षों को बिहार अनुसूचित क्षेत्र विनियम, 1969 के वाद की सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से अभिरूचि नहीं</td><td></td></tr>
</table>

हैं। इनकी मनसा शायद न्यायालय के समय को बर्बाद करने का हैं। ऐसे स्थिति में वाद सं0–12/2018–19 को संचिकास्त किया जा सकता हैं। फिर भी यदि आवेदक की इच्छा हो तो संबंधित वाद को न्यायालय में पुनः सुनवाई हेतु आवेदन पत्र समर्पित करते हुए अनुरोध कर सकते हैं।

लेखापित एवं संशोधित।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
सिमडेगा।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
सिमडेगा।

Digitally signed by Aruna kumari
Date: 2025.11.04 12:52:05 +05:30
Location: 10.91.165.80